**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**25.10.2025/प्रादेशिक समाचार/9.20 बजे**

## प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि जी एस टी बचत उत्सव ने दीपावली के त्योहार के दौरान मांग, उत्पादन और रोज़गार को बढ़ावा दिया है। इससे अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिला है। नई दिल्ली से 17वें राष्ट्रीय रोज़गार मेले को वर्चुअली संबोधित करते हुए मोदी ने यह बात कही।

***इस बार त्योहारों के इस मौसम में जी एस टी बचत उत्सव ने भी नए रंग भर दिए हैं। यह जी एस टी बचत उत्सव रोजगार उत्सव में भी बदल रहा है। अभी हमने देखा धनतेरस दीपावली पर जिस तरह रिकॉर्ड बिक्री हुई है नए–नए रिकॉर्ड बने पुराने रिकॉर्ड टूटे, यह दिखाता है कि कैसे जीएसटी में हुए रिफॉर्म ने देश की अर्थव्यवस्था को नई गति दी है। जीएसटी में हालिया सुधारों पर प्रधानमंत्री ने कहा कि इन सुधारों का प्रभाव उपभोक्ता बचत से कहीं आगे जाता है, क्योंकि अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार रोज़गार के अवसरों का भी विस्तार कर रहे हैं।***

## मंत्रिमंडल

प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक आज मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में शिमला में होगी। बैठक में शिमला रोप–वे प्रोजेक्ट को मंजूरी मिलने की संभावना है। बैठक में पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव को लेकर भी कोई निर्णय लिया जा सकता है। इसके अलावा विभिन्न विभागों में खाली पदों को भरने और मुख्यमंत्री की घोषणाओं और बजट में किए गए वायदों पर आधारित निर्णय भी लिए जा सकतें है।

## राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली

सरकार ने केंद्र सरकार के कर्मचारियों को अब राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली–एन पी एस और एकीकृत पेंशन योजना–यू पी एस के अंतर्गत लाइफ साइकिल–एल सी 75 और बैलेंस्ड लाइफ साइकिल–बी.एल.सी. जैसे निवेश विकल्पों के विस्तार को मंजूरी दे दी है। यह कदम उन कर्मचारियों की लंबे समय से चली

आ रही मांग के अनुरूप है, जो चाहते थे कि उन्हें भी निजी क्षेत्र की तरह निवेश के अधिक लचीले विकल्प मिलें। इन विकल्पों का उद्देश्य रिटायरमेंट प्लानिंग में लचीलापन बढ़ाना और कर्मचारियों को अपने निवेश को अपनी पसंद और जोखिम क्षमता के अनुसार प्रबंधित करने की आजादी देना है।

**लोन**

प्राकृतिक आपदा के बीच गंभीर वित्तीय हालात के दौर से गुजर रही राज्य सरकार 200 करोड रूपए का लोन लेगी। कर्ज की यह राशि 6 वर्ष की अवधि के लिए ली जाएगी। इसकों 29 अक्टूबर 2031 तक लौटाना होगा। इसके लिए नीलामी प्रक्रिया 28 अक्टूबर को पूरी कर ली जाएगी। सरकारी खाते में यह राशि 29 अक्टूबर को जमा हो जाएगी। 200 करोड रूपए का लोन लेने के बाद प्रदेश पर कर्ज की सीमा बढ कर एक लाख एक हजार 775 करोड रूपए हो जाएगी।

**जीएसटी सुधार –आवास**

वस्तु और सेवा कर बचत उत्सव का लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 22 सितंबर को इसकी शुरूआत की थी।

*अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों ने विभिन्न निर्माण सामग्रियों में कर कटौती कर इन्हें अधिक किफायती बना दिया है, जिससे आवास और निर्माण क्षेत्र को बड़ा लाभ मिल रहा है। नए कर ढांचे में मार्बल और ग्रेनाइट ब्लॉक्स पर जीएसटी दर 12: से घटकर 5: कर दी गई है, जिससे फिनिशिंग और फ्लोरिंग की लागत में कमी आई है। इसी प्रकार सीमेंट पर कर की दर को 28: से घटकर 18: कर दिया गया है, जिससे निर्माण की कुल लागत में कमी आई है। वहीं, सेंड लाइन ईंटों पर भी जीएसटी को 12: से घटकर पांच प्रतिशत कर दिया गया है। इन सुधारों से न केवल आवास और बुनियादी ढांचा विकास अधिक किफायती हो रहा है, बल्कि निर्माण क्षेत्र में सतत विकास को भी बढ़ावा मिल रहा है।*

**मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल 26 अक्तूबर को आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 127वीं कड़ी होगी। आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क और आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट पर इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना व प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा।

**सुर्खियां समाचार पत्रों से ........**

- आज समाचार पत्रों ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के बयान को प्रमुखता दी है। **अमर उजाला** ने लिखा है **सुजानपुर वालों ने जो गलती की बड़सर ने उसे दोहराया, बेईमानी जीती, शराफत हारी। दैनिक भास्कर** और **दैनिक जागरण** का लगभग एक जैसा शीर्षक है **आपदा प्रभावितों को नवंबर से मिलेगी राहत राशि, पुलिस विभाग में 800 पद भरे जाएंगे।**

- **आज कैबिनेट में आएगा सरकारी भर्तियों का एजेंडा शीर्षक से हिमाचल दस्तक** ने लिखा है धारा 119 में राहत देने की तैयारी।

- **रोजगार मेले में 51 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे आपका फैसला** की एक खबर है।